राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–165/2023

राज्यपाल ने तमिलनाडु के छात्र–छात्राओं के साथ संवाद किया

पटना, 12 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम फेज–2' कार्यक्रम के तहत एन०आई०टी० त्रिची, तमिलनाडु द्वारा भेजे गये छात्र–छात्राओं से राजभवन के दरबार हॉल में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों के जिज्ञासाओं का समाधान किया।

तमिलनाडु के छात्र–छात्राओं द्वारा राज्यपाल से बिहार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस राज्य के लोग काफी अच्छे, व्यवहार कुशल, दूसरों का सम्मान करनेवाले और परिश्रमी हैं। बिहार के लोगों के लिए काम ही पूजा है। यहाँ के लोगों से मिलकर और उनसे बातचीत करके ही बिहार को ठीक ढंग से जाना और समझा जा सकता है।

संवाद के क्रम में राज्यपाल ने कहा कि वह बिहारवासियों को कुछ देने अथवा उन्हें समझाने नहीं आये हैं बल्कि वह उनके मित्र हैं और उन्हें सहयोग करना चाहते हैं। राज्य के विकास के लिए आपस में मिलकर काम करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि– "Coming together is beginning, keeping together is progress and working together is success".

राज्यपाल ने बच्चों को अच्छा व्यक्ति बनने की सलाह देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान हमेशा बढ़िया और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो। उन्होंने बच्चों को किताबें पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि पुस्तकें हमारे मित्र और मार्गदर्शक हैं।

छात्र–छात्राओं ने बिहार भ्रमण के अपने अनुभवों को राज्यपाल के साथ साझा करते हुए बताया कि इस राज्य के लोग काफी मिलनसार और सहयोगी प्रवृत्ति वाले हैं। वे यहाँ के आतिथ्य (Hospitality) से काफी प्रसन्न और प्रभावित हैं। राज्यपाल ने उनसे तमिलनाडु जाकर वहाँ के लोगों से बिहार की अनूठी संस्कृति एवं अच्छाइयों तथा यहाँ की मधुर स्मृतियों को साझा करने को कहा।

उल्लेखनीय है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम फेज–2' कार्यक्रम के तहत एन०आई०टी० त्रिची, तमिलनाडु द्वारा भेजा गया एक 49 सदस्यीय दल बिहार के दौरे पर है।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, एन०आई०टी० त्रिची, तमिलनाडु द्वारा भेजे गए विद्यार्थीगण एवं उनके संयोजक, आई०आई०टी० पटना के प्राध्यापकगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....